सी पी ए के बारे में तथ्य-पत्र

# सेरिब्रल पाल्सी

Cerebral Palsy ALLIANCE

## सेरिब्रल पाल्सी क्या है?

सेरिब्रल पाल्सी (मांसपेशियों का पक्षाघात), या सी पी, उन सभी बीमारियों का एक सामूहिक नाम है जो व्यक्ति की शारीरिक गतिविधियों संबंधी सामर्थ्य को प्रभावित करती हैं। सेरिब्रल का अर्थ है 'मस्तिष्क से संबंधित' और पाल्सी यानि 'मांसपेशियों पर नियंत्रण में कमी'।

## सेरिब्रल पाल्सी के प्रकार

सेरिब्रल पाल्सी मांसपेशियों पर नियंत्रण और उनके पारस्परिक सामंजस्य को प्रभावित करती है जिससे व्यक्ति की शारीरिक भंगिमा, शारीरिक गतिविधियों को कर पाने की क्षमता और शारीरिक संतुलन पर प्रभाव पड़ता है। जिन लोगों को सेरिब्रल पाल्सी होती है, उनमें से कुछ को देखने, सुनने, बोलने और पढ़ने-लिखने तथा कुछ सीख पाने में कठिनाई होती है। कुछ को मिरगी के दौरे पड़ते हैं।

जो लोग सेरिब्रल पाल्सी से गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं, उनको खाने-पीने, निगलने और साँस लेने में भी कठिनाई हो सकती है। उन्हें अपने सिर तथा गर्दन पर नियंत्रण कर पाने में कठिनाई हो सकती है, और मल-मूत्र विसर्जन संबंधी क्रियाओं पर नियंत्रण कर पाने में कठिनाई हो सकती है।

कुछ लोगों को अपने शरीर के एक तरफ (दाहिने या बाएँ भाग में) इसका अधिक असर महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को बाजुओं के मुक़ाबले टाँगों में अधिक असर महसूस हो सकता है।

हर व्यक्ति पर इसका प्रभाव अलग होता है। किसी का एक हाथ कमज़ोर हो सकता है जिससे उसे लिखने या जूतों के फीते बाँधने में मुश्किल हो सकती है। दूसरे व्यक्ति में शारीरिक गतिविधियों पर नियंत्रण या बात कर पाने की क्षमता बहुत कम या बिलकुल भी नहीं हो सकती है जिससे उसे दिन-रात सहायता की आवश्यकता हो सकती है।

## कारण

सेरिब्रल पाल्सी से प्रभावित अधिकांश लोगों में इसका कारण ज्ञात नहीं होता और इसका एक ही कारण हो, ऐसा भी नहीं है। साधारणतया माता के गर्भ में या जीवन के पहले माह में मस्तिष्क को नुक़सान पहुँचने के कारण ऐसा होता है।

### किन शिशुओं को अधिकतम ख़तरा है?

अन्य शिशुओं के मुक़ाबले इन शिशुओं को सेरिब्रल पाल्सी का ख़तरा अधिक होता है:

- लड़कों को
- जो पैदाइश के समय छोटे हों
- जो अपेक्षित समय से पहले पैदा हुए हों
- जो जुड़वाँ हों या तीन बच्चे एक साथ पैदा हुए हों
- जिनकी माता को गर्भ के दौरान कोई संक्रमण हुआ हो
- जिनके जन्म के समय कोई समस्या हुई हो।

सेरिब्रल पाल्सी से प्रभावित लोगों में से लगभग 1% के भाई या बहिन में भी यही समस्या देखने में आती है।

## लक्षण

सेरिब्रल पाल्सी के सभी लक्षण जन्म के समय दिखाई नहीं देते। जैसे-जैसे शिशु या बच्चे की आयु बढ़ती है, ये लक्षण अधिक स्पष्ट हो सकते हैं।

### शिशु

सेरिब्रल पाल्सी से प्रभावित शिशुओं में ये सब संभव है:


- उठाते समय उनका शरीर ढीला-ढाला होना
- वे अपना सिर नहीं संभाल पाते
- उनकी मांसपेशियाँ अकड़ी हुई लगती हैं
- उनका विकास धीमा होता है
- उन्हें दूध पीने या उसे निगल पाने में कठिनाई होती है
- वे अपने शरीर के एक भाग (दाहिनी या बाईं ओर के भाग) का ही इस्तेमाल करना चाहते हैं
- बहुत कम तरह की आवाज़ें निकाल पाते हैं
- उन्हें अन्य लोगों की उपस्थिती का ज़्यादा आभास नहीं होता।

### बच्चे

बच्चों के शारीरिक विकास में देरी हो सकती है, जैसे कि:

- 12–18 मास की आयु तक न चल पाना
- 24 मास की आयु तक शब्द और आसान वाक्य न बोल पाना
- अन्य लोगों को उनकी बोली समझने में कठिनाई होना
- कुछ प्रकार की वस्तुओं को खाने या पीने में कठिनाई होना।

यदि आपका बच्चा अपनी आयु के सामान्य मापदण्डों को पूरा नहीं कर पाता या उसमें सेरिब्रल पाल्सी के उपरोक्त में से कुछ लक्षण दिखाई देते हैं तो आपको अपनी अर्लि चाइल्डहुड नर्स या डॉक्टर से बातचीत करनी चाहिए।



**सी पी ए में हम न्यूरोलोजिकल (तंत्रिकाओं से संबंधित) और शारीरिक विकलांगताओं से पीड़ित शिशुओं, बच्चों, किशोरों और वयस्कों की अपना जीवन, जहाँ तक संभव है, आराम से और आत्मनिर्भरता से जी सकने में सहायता करते हैं। हमारी थेरेपी टीमें (चिकित्सा टोलियाँ) पीड़ित व्यक्तियों और उनके परिवारों के साथ कई तरीकों से कार्य करती हैं। हम आपकी सहायता कैसे कर सकते हैं और आपके बच्चे के बेहतर विकास में कैसे सहायता कर सकते हैं, यह जानने के लिए हमसे संपर्क करें।**

## रोग को पहचानना

सेरिब्रल पाल्सी एक जटिल बीमारी है। इसकी पुष्टि करने में कई बार अत्यधिक समय लग जाता है, बार-बार जाँच करवानी पड़ती है और विशेषज्ञों के पास जाना पड़ता है। ऐसा इसलिए हो सकता है कि बच्चे पर सेरिब्रल पाल्सी का असर थोड़ा ही हुआ है, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि डॉक्टर यह सुनिश्चित करना चाहते हों कि यह कोई अन्य रोग तो नहीं है।

कभी-कभी किसी शिशु की सामान्य शारीरिक गतिविधियों संबंधी जाँच की जा सकती है जिसमें उसका पाँच मिनट का वीडियो बनाया जाता है। एक स्वास्थ्य व्यवसायी शिशु की गतिविधियों की जाँच करता है। यह जन्म से लेकर पाँच माह की आयु तक, कभी भी किया जा सकता है। यदि ऐसी सामान्य जाँच से लगता है कि शिशु को 'सेरिब्रल पाल्सी होने का ख़तरा है' तो उसका उपचार और सहायता जितनी जल्दी हो सके, आरंभ हो सकते हैं। उपचार आरंभ करने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि यह स्पष्ट हो गया हो कि शिशु को यह बीमारी वास्तव में है।

यदि आपको कोई चिंता है तो अपने डॉक्टर या अर्ली चाइल्डहुड नर्स से बातचीत करें। यदि आपकी चिंता फिर भी दूर नहीं होती तो किसी और से सलाह लें।

### डॉक्टर सेरिब्रल पाल्सी होने की पुष्टि कैसे करते हैं?

वे बच्चे की शारीरिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देंगे और उसकी मांसपेशियों को छूकर देखेंगे कि वे कैसी महसूस होती हैं। वे यह भी देखेंगे कि उसकी शारीरिक भंगिमा किसी तरह से असामान्य तो नहीं है या बच्चा अपने शरीर के एक तरफ के हिस्से का दूसरी तरफ के मुक़ाबले अधिक इस्तेमाल तो नहीं करता है।

वे एम आर आई या सी टी जैसे स्कैन करवाने के लिए कह सकते हैं। और वे आपसे बातचीत करेंगे और यदि आपको कोई चिंता है तो वे आपकी बात सुनेंगे।

## सेरिब्रल पाल्सी के साथ जीवन जीना

बच्चे को सेरिब्रल पाल्सी है, यह पता चलना बहुत कष्टदायक हो सकता है। कुछ माता-पिता सोचते हैं कि उन्हें पहले से पता होना चाहिए था, या किसी तरह से वे ही इसके लिए ज़िम्मेदार हैं। यह सच नहीं है। उनके साथ जो हुआ है उसे स्वीकार करके उसका सामना करने के लिए तैयार होने में परिवारों को समय लगता है। किसी डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, सलाहकार या सामाजिक कार्यकर्ता और सेरिब्रल पाल्सी अलायंस से बातचीत करना बहुत सहायक हो सकता है।

## चिकित्सा और उपचार

सेरिब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों का उपचार एक बहुआयामी टोली द्वारा किया जाना उत्कृष्ट होता है, टोली में शामिल हो सकते हैं:

- एक जी पी (सामान्य चिकित्सक)
- विशेषज्ञ, जैसे कोई बाल-रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट (तंत्रिका-तंत्र विशेषज्ञ), सर्जन (शल्य चिकित्सक) या कुछ अन्य
- एक ओक्युपेशनल थेरेपिस्ट (व्यावसायिक चिकित्सक) जो बच्चों को कपड़े पहनने और खाना खाने जैसी गतिविधियों को आत्मनिर्भरता से कर पाने में सहायता कर सके और उनके लिए खेल-कूद की उचित गतिविधियों के बारे में सलाह दे सके
- एक फ़िज़िओथेरेपिस्ट (भौतिक चिकित्सक) जो बच्चों को चीज़ें उठाने और पैदल चलने जैसी कुशलताओं को सीखने में सहायता करता है, और शारीरिक संतुलन और मांसपेशियों की कमज़ोरी जैसी समस्याओं का समाधान करने में भी सहायता करता है
- एक स्पीचथेरेपिस्ट (वाणी चिकित्सक) जो भाषा के विकास में सहायता करता है और वाणी संबंधी समस्याओं का उपचार कर सकता है
- एक बाल मनोवैज्ञानिक जो उसके हर प्रकार के विकास पर नज़र रख सके और उसके बर्ताव संबंधी और भावनात्मक समस्याओं का प्रबंधन कर सके
- एक आडिओलोजिस्ट (श्रवण चिकित्सक) जो बच्चे की सुनने की क्षमता को आँक कर सलाह दे सके
- एक विशेष शिक्षक जो अर्ली इंटरवेंशन प्रोग्राम (जल्दी हस्तक्षेप के एक कार्यक्रम) द्वारा प्रि-स्कूल और स्कूल की शिक्षा में सहायता कर सके।

बहुआयामी टोली बच्चे की क्षमताओं और कमज़ोरियों के बारे में बातचीत करेगी और उसके परिवार के साथ मिलकर एक योजना बनाने में सहायता करेगी। योजना में निम्नलिखित शामिल किए जाने की संभावना है:

- यह जानना कि आपको सबसे पहले किसके साथ संपर्क करना होगा
- नियमित जाँच और बच्चे के विकास को जाँचने के लिए एक योजना तैयार करना
- अर्ली इंटरवेंशन (जल्दी हस्तक्षेप) की कुछ सेवाएँ।

**जब भी आप किसी एपाइंटमेंट के लिए जाते हैं तो आपकी सहायता के लिए दुभाषिए उपलब्ध हैं। सरकार की ओर से दुभाषिए की सहायता निःशुल्क उपलब्ध है और आपके एन डी आई एस प्लान में शामिल की जा सकती है।**


**हमसे संपर्क करें:**

हमें 1300 888 378 पर फ़ोन करें

ask@cerebralpalsy.org.au पर हमें ई-मेल करें

cerebralpalsy.org.au पर जाएँ


Cerebral Palsy ALLIANCE